बोटेनिकल गार्डन पार्किंग की डेडलाइन 31 जुलाई

नोएडा (एसएनबी)। प्राधिकरण के चेयरमैन आलोक टंडन ने सेक्टर-38ए स्थित बोटेनिकल गार्डन में निर्माणाधीन बहुमंजिला कार पार्किंग का निर्माण कार्य पूरा करने के लिए 31 जुलाई डेडलाइन तय की है। उन्होंने कहाकि 31 जुलाई तक हर हाल में इसका निर्माण पूरा होना चाहिए। इस पार्किंग में करीब आठ हजार वाहन और 100 बसों को पार्क करने की सुविधा होगी।

पार्किंग में दो बेसमेंट, एक भूतल के अलावा छह तल हैं। इसमें कार व बस के अलावा साइकिल व बाइक को भी पार्क करने की सुविधा मिलेगी। पार्किंग के भूतल व द्वितीय तल पर व्यावसायिक कार्य के लिए रिजर्व रखा गया है। इस हिस्से को प्राधिकरण बेचेगा। यहां कैफेटेरिया, एटीएम, रेस्त्रां आदि की सुविधा मिलेगी। इस पार्किंग के शुरू होने के बाद मेट्रो स्टेशन आने वाले यात्रियों को सुविधा मिलेगी। यहां डीएमआरसी की दो लाइन ब्लू और मैजेंटा लाइन मिलती हैं। बोटेनिकल गार्डन मेट्रो स्टेशन की राइडरशिप 50 हजार से अधिक है। अभी यहां पर बनी पार्किंग में करीब 300 वाहन ही खड़े पाते हैं। ऐसे में बाकी लोगों को वाहन खड़ा करने में दिक्कतें आती हैं। इसके अलावा बसों के खड़े होने की पार्किंग में व्यवस्था होगी।

पार्किंग में करीब आठ हजार वाहन और 100 बसों के पार्क करने की सुविधा

इससे सेक्टर-37 व आसपास लगने वाले जाम में कमी आएगी। बसों के पार्किंग में खड़े होने से प्राधिकरण के राजस्व में भी बढ़ोत्तरी होगी। प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रबंधक विजय रावल ने बताया कि बताया कि पार्किंग में सिविल का करीब 95 प्रतिशत काम पूरा हो गया है। इसके अलावा 75 प्रतिशत से अधिक बिजली का काम भी पूरा हो गया है। पार्किंग में 14 लिफ्ट व 34 एस्कीलेटर लगाने का काम भी तेजी से चल रहा है। बचे काम को डेढ़ महीने में पूरा कर लिया जाएगा।